an>

Title: Need to declare Bhrigudham Bhitora in Fatehpur District, Uttar Pradesh as a tourist place.

साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) : अध्यक्ष जी, मेरे संसदीय क्षेत्र उत्तर प्रदेश के जनपद-फतेहपुर में स्थित भृगुधाम, भिटौरा महर्षि भृगु की तपोस्थली थी। इसी स्थान पर गंगा नदी के उत्तरायण दिशा में जल प्रवाहमान होने के कारण इस स्थान की महिमा, गरिमा द्विगणित हो गयी है। साथ ही दुर्लभ प्रजाति की डाल्फिन मछली भी गंगा नदी में इसी स्थान पर अटखेलियां करती पाई जाती हैं। इसी स्थान पर सूर्यास्त का दृश्य अत्यन्त विहंगम, मनमोहक एवं रमणीय होता है। ऐसे अदभुत दृश्य को देख अपार आनन्द की अनुभूति होती है। धार्मिक त्यौहारों एवं अमावस्या व पूर्णमासी को उत्तरायण प्रवाहमान गंगा स्नान कर लाखों श्रृद्धालु अपने आप को धन्य मानते हैं। ऐसे रमणीय पर्यावरण में भृगुधाम की लोकप्रियता सर्वविदित है, जहां पूरे वर्ष लाखों की संख्या में श्रृद्धालु आते हैं।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कानपुर एवं इलाहाबाद के मध्य स्थित शहर फतेहपुर से मात्र 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रमणीय, ऐतिहासिक व धार्मिक लोक प्रसिद्ध भृगुधाम भिटौरा को पर्यटन स्थल घोषित करने की कृपा करें, जिससे भृगुधाम की महिमा एवं गरिमा को देश-विदेश में लोग जान सकें तथा पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिल सके।